# कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डूंगरपुर


जिला एवं सेशन न्यायालय परिसर, डूंगरपुर

Ph:-02964-294822 e-mail:- dlsa14dungarpur@gmail.com


क्रमांक / जिविसेप्रा / 2024–25 / 03 दिनांकः– 04.03.2025

## ::निविदा सूचना::

माननीय राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा एवं माननीय राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जयपुर के पत्र क्रमांक 25675–25730 दिनांक 28.01.2025 के अनुसार राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली द्वारा कार्यालय लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल, डूंगरपुर (LADC) कार्यालय के लिए आधारभूत आवश्यकता (Infrastruture requirement) हेतु बजट स्वीकृत किया गया हैं। जिस क्रम में कार्यालय उपयोग के लिए कम्प्यूटर एवं प्रिंटर हेतु अधिकृत निर्माताओं / डीलरों / विक्रेताओं से वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु निम्नांकित आईटम क्रय करने हेतु मुहरबंद निविदाऐं आमंत्रित की जाती है –

| क्र. सं. | सामान का नाम | संख्या | कुल अनुमानित लागत |
|---|---|---|---|
| 1 | All in one Compurter | 03 | 156000 |
| 2 | Desktop Computer | 01 | 48500 |
| 3 | All in one Printer | 01 | 23500 |
| 4 | Printer | 03 | 42000 |
| | Total | | 270000 |

निविदा क्रय करने की अंतिम दिनांक – 10.03.2025 कार्यालय समय तक

निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक – 11.03.2025 को दोपहर 12 बजे तक

निविदा खोले जाने की दिनांक – 11.03.2025 को दोपहर 3 बजे

निविदा प्रपत्र शुल्क – 200 / –

धरोहर राशि – 5,400 / –

**नोट** – उक्त निविदा की विस्तृत जानकारी **SPPP Portal** पर देखी जा सकती है अथवा कार्यालय समय (प्रातः 10 बजे से सायं 5.00 बजे तक) में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

अध्यक्ष
क्रय समिति
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
डूंगरपुर

क्रमांक / जिविसेप्रा / 2024–25 / 91-96 दिनांकः– 04.03.2025

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. श्रीमान् अध्यक्ष महोदय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डूंगरपुर
2. सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डूंगरपुर
3. सदस्य क्रय समिति, जिविसेप्रा, डूंगरपुर..........................................
4. सिस्टम ऑफिसर, कार्यालय हांजा को विभागीय वेबसाइट एवं SPPP पोर्टल पर अपलोड करने हेतु।
5. नोटिस बोर्ड कार्यालय हाजा पर प्रकाशन हेतु
6. कार्यालय प्रति।

अध्यक्ष
क्रय समिति
जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
डूंगरपुर

Q1

## तकनीकि निविदा प्रपत्र (कम्प्यूटर एवं प्रिंटर)

फर्म का नाम व पूर्ण पता ..............................................................................................................

1. फर्म का ई–मेल आई.डी. ..................................................
2. फर्म के अधिकृत प्रतिनिधि का नाम व मोबाईल नम्बर.............................................
3. जीएसटी रजिस्ट्रेशन नम्बर ..............................................................(छायाप्रति संलग्न).
4. फर्म का **PAN** संख्या .......................................................(छायाप्रति संलग्न)
5. सुक्ष्म / मध्यम / लघु औद्योगिक इकाई में पंजिकरण संख्या प्रमाण पत्र की (प्रति संलग्न)
6. धरोहर राशि रू. 5,400 / – जमा जरिये रसीद / डी.डी.संख्या ....................दिनांक..................
7. निविदा प्रपत्र शुल्क रू. 200 / – जमा जरिये रसीद / डी.डी.संख्या ....................दिनांक...................
8. बैक खाता सं...................................................बैंक शाखा का नाम.............................................आई.एफ.एस. कोड............
9. परिशिष्ठ 'अ' (निविदा शर्ते) संलग्न।
10. परिशिष्ठ 'ब' (सामग्री स्पेशिफिकेशन विवरण)
11. परिशिष्ठ 'स' वित्तीय बिड (दर प्रस्तुत करने का प्रारूप)
12. परिशिष्ठ 'द' स्वयं का घोषणा पत्र।
13. परिशिष्ठ 'य' (Certificate of Conformity/No Deviation)।
14. परिशिष्ठ 'र' (सामग्री आपूर्ति हेतु प्राधिकृत होने की घोषणा) ।
15. परिशिष्ठ 'ण' Certificat regading Non Black listed

मैंने / हमने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डूंगरपुर द्वारा जारी निविदा सूचना संख्या .......................... दिनांक ................... में वर्णित एवं निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न निविदा की शर्तो का परिशिष्ट "अ" का हमारे द्वारा भली भांति अध्ययन कर अक्षरशः समझ लिया है एंव सहमति के प्रतीक स्वरूप अपने हस्ताक्षर अंकित कर दिये हैं।

दिनांक –

हस्ताक्षर निविदादाता
मय मोहर

परिशिष्ठ 'अ'

# कार्यालय–जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डूंगरपुर (राज.)

## कम्प्यूटर एवं प्रिंटर कय करने हेतु निविदा की सामान्य शर्ते

(निविदा प्रस्तुत करने के पूर्व निम्नांकित शर्तो को ध्यान पूर्वक पढ लिया जावे एवं सहमति के प्रतीक स्वरूप प्रत्येक पृष्ठ पर अपने हस्ताक्षर बांयी ओर अंकित किये जावे)

**(अ) सामान्य शर्तेः–**

1. निविदादाताओं को निविदा सूचना में दिए गए निर्देशों के अनुसार पूर्ण निविदायें मोहर बंद लिफाफे में प्रस्तुत करनी होगी। जिस पर सेवा/सामग्री का नाम जिसके लिए निविदा प्रस्तुत की जा रही है यथा "कम्प्यूटर एवं प्रिंटर के लिए निविदा'' अंकित करना आवश्यक होगा।
2. इस कार्यालय द्वारा जारी निविदा प्रपत्र में निविदादाता द्वारा अंकित दरें ही मान्य होगी। बोली प्रपत्र में दरें पैन से अंकित की जावेंगी। पेन्सिल से भरी हुयी निविदा मान्य नहीं होगी। दरें स्पष्ट रूप से अंको व शब्दों दोनों में प्रस्तुत करनी होंगी। कटिंग/ओवर राईटिंग होने पर प्रत्येक कटिंग/ओवर राईटिंग को निविदादाता द्वारा लघु हस्ताक्षर कर प्रमाणित किया जावेगा।
3. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
4. आपूर्ति की जाने वाली सामग्री की मात्रा को आवश्यकतानुसार कम या अधिक किया जा सकता है।
5. स्वीकृत दरें अनुबंध की दिनांक से एक वर्ष तक के लिए मान्य होगी, जिसे आवश्यकता होने पर आपसी सहमति से आगे बढाया जा सकेगा।
6. आपूर्तिकर्त्ता द्वारा जिला कार्यालय में ही आपूर्ति एवं इंस्टालेशन कर चालू अवस्था में सुपूर्दगी की जावेगी। जिस हेतु आपूर्तिकर्ता को कोई अतिरिक्त भुगतान देय नहीं होगा।
7. दरें सामग्री को कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डूंगरपुर तक एफओआर उद्धत की जानी चाहिए तथा उनमें सभी अनुसांगिक प्रभारो (**Incidental Charges**) एवं समस्त करों को शामिल किया जाना चाहिए।
8. निविदा फार्म के साथ जीएसटी पंजीकरण प्रमाण पत्र, पैन कार्ड की छाया प्रति एवं परिशिष्ठ अ, ब, स, द, य, र एवं अन्य चाहे गये प्रमाण पत्रो की प्रतियां संलग्न करनी होगी।
9. निविदा प्रक्रिया एकल प्रक्रम (एक लिफाफा पद्धति) में संचालित होगी। निविदा प्रपत्र के साथ निविदा सूचना में उल्लेखित बोली प्रतिभूति (धरोहर) राशि का डिमाण्ड ड्राप्ट/बैंकर्स चैक संलग्न किया जावे जो "सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डूंगरपुर" के पक्ष में डूंगरपुर मुख्यालय पर स्थित राष्ट्रीयकृत बैंक में देय होना चाहिए।
10. सफल निविदादाता द्वारा दर स्वीकृति आदेश के तीन कार्यदिवस में निर्धारित प्रतिभूति 5 प्रतिशत राशि (डिमाण्ड ड्राप्ट/बैंकर्स चैक द्वारा) कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डूंगरपुर में जमा करानी होगी, जिसमें धरोहर राशि का समायोजन किया जा सकेगा। जिस पर किसी प्रकार का ब्याज देय नही होगा। विफल बोलीदाता को बोली प्रतिभूति राशि का डी0डी0/बैंकर चैक बोली की अन्तिम स्वीकृति के पश्चात् वापस किया जा सकेगा।
11. बोली प्रतिभूति राशि का समपहरण–बोली प्रतिभूति राशि को निम्नलिखित मामलों में समपहृत कर लिया जाएगा :–

    i)जब निविदादाता निविदा खोलने के बाद किन्तु निविदा को स्वीकार करने के पूर्व प्रस्तावों को वापस ले लेता है, या उसमें उपान्तरण करता है।

    ii) जब निविदादाता विर्निदिष्ट समय के भीतर किसी करार को, यदि कोई हो, निष्पादित नहीं करता है।

    iii) जब निविदादाता प्रदायगी के लिए आदेश देने के बाद प्रतिभूति राशि जमा नहीं कराता है।

    iv )जब वह विहित समय के भीतर सप्लाई आदेश के अनुसार मदों की सप्लाई प्रारम्भ करने में असफल रहता है।
12. प्रतिभूति निक्षेप का समपहरण– प्रतिभूति की राशि को पूर्ण या आंशिक रूप से निम्नलिखित मामलों में समपहृत किया जा सकेगा।

    (क) जब संविदा की शर्तो का उल्लंघन किया गया हो।

    (ख) जब निविदादाता संपूर्ण सप्लाई संतोषजनक ढंग से करने में असफल रहा हो।

    (ग) प्रतिभूति निक्षेप को समपहृत करने के मामले में युक्तियुक्त समय पूर्व नोटिस दिया जाऐगा। इस संबंध में क्रेता अधिकारी का निर्णय अन्तिम होगा।
13. निविदादाता निविदा में अपना/अपनी ओर से अधिकृत व्यक्ति का नाम,पूर्ण पता एवं टेलीफोन/मोबाइल नम्बर अंकित करेगा।
14. सभी निविदायें लेखा शाखा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डूंगरपुर में प्रस्तुत करनी होंगी। निर्धारित समय के बाद प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा।
15. एम.एस.एम.ई. में पंजिकृत फर्मो को उक्त पंजिकरण प्रमाण प्रस्तुत करने पर निविदा प्रपत्र, निविदा धरोहर एवं कार्य प्रतिभूति राशि में नियमानुसार छूट देय होगी।

16. आपूर्ति आदेश के अनुसार सामान सही स्पेशियफिकेशन एवं मापदण्डो के अनुसार प्राप्त होने पर फर्म को नियमानुसार भुगतान किया जावेगा।

17. निविदा प्रपत्र में अंकित मेक से पृथक मेक की सामग्री होने की स्थिति में पृथक से स्पष्ट मेक वित्तीय विड में अंकित किया जावे।

18. आपूर्ति की जा रही सामग्री निर्धारित मापदण्डानुसार नहीं होने पर ऐसी सामग्री को आपूर्ति कर्त्ता की जोखिम पर रद्द कर दिया जावेगा। जिसे आपूर्ति कर्त्ता अपने खर्च पर बदल कर आपूर्ति करेगा।

19. सम्पूर्ण निविदा या उसके किसी भाग को निरस्त करने का पूर्ण अधिकार अध्यक्ष क्रय समिति कार्यालय, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डूंगरपुर को होगा।

20. न्यूनतम दरें स्वीकार करने के लिए क्रय समिति बाध्य नहीं है। निविदा स्वीकृति में दरों के साथ–साथ सामग्री का मैक/क्वालिटी/पूर्व अनुभव को भी ध्यान में रखा जावेगा। निविदा की स्वीकृति एक या एक से अधिक निविदादाताओं के पक्ष में भी की जा सकती है।

21. स्वीकृत निविदादाता द्वारा सामग्री की गारण्टी अवधि में तकनीकी अथवा अन्य समस्या के हल हेतु स्वयं के स्तर पर ऑन साईट अविलम्ब सेवा प्रदान की जायेगी।

22. स्वीकृत निविदादाता को सभी सामग्री/सेवायें आदि अच्छी क्वालिटी व अच्छे मैक की देनी होगी। स्वीकृत निविदादाता को सामग्री/सेवाओं की व्यवस्था उपापन संस्था की आवश्यकतानुसार अविलम्ब करनी होगी। आवश्यक समझे जाने पर निविदादाता द्वारा उपलब्ध करवायी जाने वाली सामग्री/सेवाओं की जांच की जा सकेगी।

23. सामग्री की आपूर्ति कार्यादेश में अंकित समयावधि एवं विनिर्दिष्ट स्थान पर निविदादाता द्वारा स्वयं के खर्चे पर की जावेगी। किसी भी सामग्री के ट्रांसपोर्टेशन में टूट–फूट होने पर स्वयं निविदादाता का उत्तरदायित्व होगा।

24. निविदादाता के लिए यह समझा जाएगा कि उसके द्वारा प्रदाय की जाने वाली वस्तुओं की दशा, स्पेसिफिकेशन, साईज एवं मेक आदि की सावधानीपूर्वक जांच कर ली गई है, यदि उसे उन शर्तो के किसी भाग, स्पेसिफिकेशन आदि के आशय के बारे में कोई संदेह हो, तो वह क्रेता अधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त करेगा।

25. (I) निविदा प्रपत्र में सुपुर्दगी के लिये विनिर्दिष्ट समय को संविदा के सार रूप में समझा जायेगा तथा निविदादाता क्रेता अधिकारी से स्पष्ट आदेश प्राप्त होने पर निर्धारित अवधि के भीतर आपूर्ति करेगा।

(II)परिसमापित नुकसान (**Liquidated Damages**) के साथ सुपुर्दगी अवधि में वृद्धि न करने के मामले में वसूली निम्नलिखित प्रतिशतता के आधार पर उन सामानो के मूल्यों के लिए की जायेगी जितनी अवधि निविदादाता सप्लाई करने में असफल रहा है।

(क)विहित सुपुर्दगी की एक चौथाई अवधि तक के विलम्ब के लिये 2.50%

(ख)एक चौथाई अवधि से अधिक किन्तु विहित अवधि की आधी अवधि से अनधिक के लिये 5.00%

(ग)आधी अवधि से अधिक किन्तु विहित अवधि के तीन चौथाई से अनधिक अवधि के लिये 7.50%

(घ)विहित अवधि की तीन चौथाई से अनधिक के विलम्ब के लिए 10.00%

(III) विलम्ब की अवधि में आधा दिन से कम भाग को छोड़ दिया जायेगा।

(IV)परिसमापित क्षति की अधिकतम राशि 10% होगी।

26. देय भुगतान में से नियमानुसार <u>स्रोत पर आयकर(**TDS**)</u> एवं जी.एस.टी. (टी.डी.एस.) की कटौती की जावेगी।

27. निविदा प्रपत्र की शर्तें, सामान्य वित्तीय एवं लेखा नियम तथा राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम, 2013 में उल्लेखित नियम उपापन संस्था व निविदादाता दोनों को मान्य होंगे।

28. किसी भी बिन्दु के संबंध में स्पष्टीकरण/जानकारी इस कार्यालय के लेखा अनुभाग से प्राप्त की जा सकती है।

29. सफल निविदादाता अपना कार्य या उसका कोई भाग किसी अन्य फर्म या व्यक्ति को सबलेट नहीं करेगा ।

30. समस्त विवादो का न्यायिक क्षेत्र डूंगरपुर होगा तथा किसी बिन्दु पर आपसी असहमति होने पर अध्यक्ष क्रय समिति कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डूंगरपुर का निर्णय सर्व मान्य होगा।

अध्यक्ष
क्रय समिति
कार्यालय जिला विधिक सेवा
प्राधिकरण
डूंगरपुर (राज0)

उक्त शर्तों से मैं/हम सहमत हैं।

**<u>हस्ताक्षर निविदादाता</u>**

# परिशिष्ठ–स

## कम्प्युटर एवं प्रिंटर हेतु वित्तीय निविदा

मैं / हम..........................................................................वास्ते मेसर्स..................................................................निविदा सूचना के सम्बन्ध में निम्नानुसार अंकित सामग्री आपूर्ति हेतु दरें प्रस्तुत करते हैं:–

| क्र. स. | उपकरण जो क्रय किया जाना है | मात्रा | विक्रेता द्वारा प्रस्तुत दर प्रति नंग मय जी.एस.टी. (शब्दों एवं अंको में) | विशेष विवरण (उपकरण का विवरण) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | **कम्प्युटर ऑल इन वन** | 3 | अंको में..............................................<br>शब्दो में............................................<br>.......................................................... | |
| 2 | **डेस्कटोप कम्प्यूटर** | 1 | अंको में..............................................<br>शब्दो में............................................<br>.......................................................... | |
| 3 | **प्रिंटर मल्टीफंक्शन (मय स्केनर फोटो कॉपी)** | 1 | अंको में..............................................<br>शब्दो में............................................<br>.......................................................... | |
| 4 | **लेजर प्रिंटर** | 3 | अंको में..............................................<br>शब्दो में............................................<br>.......................................................... | |
| | | **योग–** | | |

**नोट** :–1.दरें अंको एवं शब्दों मे सुस्पष्ट लिखी हुई होनी चाहिये।यदि किसी प्रकार की कटिंग हो तो उस पर हस्ताक्षर होने आवष्यक है।

2. उपरोक्त कॉलम में एक नंग सामग्री की दर समस्त कर एवं शुल्क सहित प्रस्तुत करनी है अलग से किसी राषि का भुगतान नही किया जावेगा।

3. निविदा प्रपत्र में उल्लेखित स्पेसिफिकेशन व निविदा की शर्तो अनुसार दर प्रस्तुत की जावे।

निविदादाता के हस्ताक्षर

मय सील

परिशिष्ठ–ब

कम्प्युटर एवं प्रिंटर हेतु निर्धारित स्पेसिफिकेशन

| DESKTOP COMPUTER(i5) | |
|---|---|
| **Estimated Specification** | |
| **Processor-** | Intel core i5 processor(12th generation or higher) with minimum 2.50Ghz or Higher (base frequency),18MB Cache or higher |
| **Chipset** | Compatible Chipset |
| **Motherboard** | OEM motherboard |
| **Operating System** | Pre-Installed genuine OEM Microsoft Windows 11 or higher Professional/ Home(64bit)with OEM recovery partition/recovery DVD |
| **Graphics** | Integrated graphics |
| **Memory(RAM)** | 8GB DDR4 with minimum 2 DIMM slots ,Expandable upto 32GB |
| **Storage** | 512GB SSD |
| **Optical Drive** | DVD R/W |
| **Ports** | Minimum 6 USB ports with at least 2 USB 3.0 or Higher ports,HDMI,audio jack for headphone & Microphone |
| **Display** | Minimum 21.5"inch or higher ,resolution 1920x1080 or Higher Display,TCO certified |
| **Antivirus** | Preloaded(latest version) Internet security of Trendy Micro/quick heal/Symantec/sophos/kasperky |
| **Keyboard & mouse** | OEM USB keyboard & OEM uSB 2 button optical mouse with mouse pad |
| **Network interface** | Integrated 10/100/1000 GB Ethernet |
| **Certification** | ROHS compliance,OEM certification for preloaded Operating system |
| **Accessories** | All necessary cables (power &data cables),3Mtr CAT 6 patch cord |

| PRINTER(MFP) | |
|---|---|
| **Estimated Specification** | |
| **Functions** | Print,Scan,copy |
| **Printing method** | Monochrome laser |
| **Print speed (minimum)** | 20 PPM(Mono) |
| **Print resolution** | 600x600dpi or Higher |
| **Auto duplex** | Yes |
| **Memory** | 64MB or higher |
| **Display** | Monochrome LCD touch screen display |
| **Connectivity** | Usb,Ethernet/Wi-Fi |
| **Duty cycle(monthly)** | 10000 pages or higher |
| **Copy speed** | 10ppm or higher |
| **Copy resolution** | 600x600 dpi or higher |
| **Scan file format** | PDF,JPEG,TIFF,BMP etc. |
| **Scan resolution** | 600x600 dpi or higher |
| **Scan type/technology** | FLATBED and ADF |
| **Input paper tray capacity** | 100 pages or higher |
| **Toner cartridges** | Composite cartridges |
| **Additiona; toner cartridges** | OEM should spply 1 company packed additional cartridges along with printer |
| **Compatible operating systems** | Window 7,8,10 and linux-ubuntu |
| **Cables/accessories** | All the required cables ,accessories |
| **Software media** | Driver & utility software CD/DVD |
| **Certifications** | BIS,ROHS |

नोट विस्तृत स्पेसिफिकेशन हेतु कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, डूंगरपुर में कार्यालय समय मे उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है।

अध्यक्ष
क्रय समिति
कार्यालय : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डूंगरपुर

# SELF-DECLARATION

(Declaration by Bidder regarding Qualifications)(to be filled by the bidder)

To,

अध्यक्ष क्रय समिति,
कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
डूंगरपुर

## Declaration by Bidder

In relation to my/our bid submitted for subject matter conforming to ECI standards/guidelines/T&C of Bid Document in response to the NIB Ref. No. ______________________________ dated ___________ as an Owner/ Partner/ Director/ Auth. Signatory/ Manufacturers/ Whole Sellers/ Sole distributor/ Authorised dealer/ Bonafide dealers of ____________________________________, I/ We hereby declare that: -

a) We are eligible and possess the necessary professional, technical, financial and managerial resources and competence required by the Bidding Document issued by the Procuring Entity;
b) We have fulfilled my/ our obligation to pay such of the taxes payable to the Union and the State Government or any local authority as specified in the Bidding Document;
c) We are not insolvent in receivership, bankrupt or being wound up, not have my/our affairs administered by a court or a judicial officer, not have its business activities suspended and not the subject of legal proceedings for any of the foregoing reasons;
d) We do not have, and our directors and officers not have been convicted of any criminal offence related to their professional conduct or the making of false statements or misrepresentations as to their qualifications to enter into a procurement contract within a period of three years preceding the commencement of the procurement process, or not have been otherwise disqualified pursuant to debarment proceedings;
e) We do not have a conflict of interest as specified in RTPP Act, RTP Rules and this bidding document which materially affects the fair competition.
f) We are having unblemished record and is not declared ineligible for corrupt & fraudulent practices either indefinitely or for a particular period of time by any State/ Central government/ PSU/ UT.
g) We do not have any previous transgressions with any entity in India or any other country during the last three years
h) We do not have any debarment by any other Procuring Entity
i) We do not have, and our directors and officers not have been convicted of any criminal offence related to their professional conduct or the making of false statements or misrepresentations as to their qualifications to enter into a procurement contract within a period of three years preceding the commencement of the procurement process, or not have been otherwise disqualified pursuant to debarment proceedings;
j) We have complied and shall continue to comply with the Code of Integrity as specified in the Rajasthan Transparency in Public Procurement Act, the Rajasthan Transparency in Public Procurement Rules and this Bidding Document, till completion of all our obligations under the Contract will not sublet the contract if awarded to us.
k) We agree to extend the validity of bid submitted on the communication of the PE.
l) We have not modified, changed etc. any word/line/para/text mentioned in the bid downloaded from website(s) as mentioned in the bid otherwise we know that our bid shall be cancelled and rejected if submitted bid has deviation of word/line/ para/text from the original bid.
m) We agree to submit appropriate Performance Security within time period specified in the bidding document otherwise we know that Procuring Entity have full rights to

reject our bid and also agree to extend bid validity period, if any, and extend contract period unconditionally.

n) We have submitted only one bid.

o) We shall not sublet the contract if awarded to us.

p) We also hereby declare that in no case the information collected in Parishisht-A, shall not go / be published in public domain otherwise it would be treated under the clause of breach of confidentiality and necessary action shall be taken by the PE against us with in Act and Procurement Rules along with Laws of Land will also be applicable, if not sufficient.

If this declaration is found to be incorrect in any form then without prejudice to any other action that may be taken as per the provisions of the applicable Act and Rules thereto prescribed by GoR, my/ our security may be forfeited in full and our bid, to the extent accepted, may be cancelled.

Thanking you,

Name of the Bidder: -
Authorised Signatory: -
Seal of the Bidding Organization: -
Date: ____________
Place: ____________

CERTIFICATE OF CONFORMITY/ NO DEVIATION{to be filled by the bidder}

To,

अध्यक्ष, क्रय समिति,
कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण
डूंगरपुर

# CERTIFICATE

This is to certify that, the specifications of subject matter of bid document which I/ We have mentioned in the Technical bid, and which I/ We shall supply if I/ We am/ are awarded with the work, are in conformity with the minimum specifications of the Commodity/ Goods/ Item/ Works/ Services mentioned in the bidding document and that there are no deviations of any kind from the required specifications.

1. Also, I/ we have thoroughly read the bidding document, RTPP ACT, 2012 and thereto Rules, 2013 and amendment(s) issued (available on) by signing this certificate, we hereby submit our token of unconditional acceptance to all the terms & conditions of the bidding document without any deviations.

2. I/ We also certify that the price I/ we have quoted is inclusive of all the cost/service factors involved in subject matter of bid document, to meet the desired Standards set out in the bidding Document.

3. I/We declare that work/items/services etc. Rendered shall be conforming to the specifications mentioned in the Bid Document and to the ECI norms/guidelines/circulars.

Thanking you,

Name of the Bidder: -

Authorised Signatory: -

Seal of the Organization: -

Date: _______________

Place: ______________

परिशिष्ठ –'र'
(प्रपत्र – एस.आर.11)

# निविदादाताओं द्वारा घोषणा

मैं/हम घोषणा करता हूँ/करते हैं कि मैने/हमने जिन मालों/स्टोर्स/उपकरणके लिए निविदा दी है, उनका/उनके/मैं/हम, बोनाफाईड विनिर्माता/ थोक विक्रेता/सेल वितरक/ प्राधिकृत डीलर/ डीलर/ सोल सैलिंग/ विपणन एजेन्ट हूँ।/हैं।

यदि यह घोषणा असत्य पाई जाए तो किसी भी अन्य कार्यवाही जो की जासकती है, पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, मेरी/हमारी प्रतिभूति को पूर्ण रूप में जप्त कर लिया जाएगा तथा निविदा को, जिस सीमा तक उसे स्वीकार किया गया है, रद्द कर दिया जाएगा।

निविदादाता के

हस्ताक्षर

मय फर्म की मुहर

# परिशिष्ठ 'ण'

## ब्लेक लिस्ट/अयोग्य न होने तथा अन्य सक्षमताएं पूरी करने का प्रमाण पत्र

मैं/हम घोषणा करता हूँ/करते हैं कि :–

1. हमारी फर्म को किसी भी राजकीय विभाग/राजकीय संस्थान/निगम/बोर्ड आदि के द्वारा **किसी प्रकार की सामग्री आदि** की आपूर्ति संतोषप्रद रूप से पूर्ण नहीं करने के लिए कोई शास्ति आरोपित नहीं की गई है एवं न ही ब्लेक लिस्ट/अयोग्य घोषित किया गया है।
2. यह कि इस बोली हेतु हमारी फर्म आवश्यक वृत्तिक, तकनीकी, वित्तीय और प्रबंधकीय स्त्रोत तथा उपापन संस्था द्वारा जारी किये गये बोली दस्तावेजों द्वारा अपेक्षित सक्षमता धारित करती हैं।
3. यह कि हमारी फर्म द्वारा केन्द्र सरकार अथवा राज्य सरकार अथवा यथास्थिति किसी स्थानीय प्राधिकारी को संदेय समस्त करो का भुगतान किया जा चुका हैं और कोई भी कर बकाया नहीं हैं।
4. यह कि हमारी फर्म दिवालिया, रिसीवर के अधीन, शोधन अक्षम नहीं हैं, न ही किसी न्यायालय या किसी न्यायिक अधिकारी द्वारा प्रशासित कार्यकलाप रखती हैं न ही फर्म का कार्यकलाप निलंबित हैं और न पूर्वगामी कारणों मे से किसी के लिये भी विधिक कार्यवाहियों के अध्यधीन हैं।
5. यह कि हमारे वृतिक आचरण या उपापन प्रक्रिया के प्रारम्भ के पूर्ववर्ती 3 वर्ष की किसी कालावधि के भीतर कोई उपापन संविदा किये जाने के लिये अपनी अहर्ताओं के बारे में मिथ्या कथन करने या दुर्व्यपदेशन संबंधी किसी दांडिक अपराध के संबंध में हमारी फर्म अथवा फर्म के निदेशक और अधिकारी दोष सिद्ध नहीं हुए हैं ना ही विवर्जन कार्यवाहियों के अनुसरण में अन्यथा निरर्हित हुए हैं।

यदि यह घोषणा असत्य पाई जाए तो किसी भी अन्य कार्यवाही, जो की जा सकती है, पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना, मेरी/हमारी प्रतिभूति को पूर्ण रूप में समपहृत किया जा सकेगा तथा बोली को, जिस सीमा तक उसे स्वीकार किया गया है, रद्द किया जा सकेगा।

**बोलीदाता के हस्ताक्षर मय मुहर**